हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 14 जून 2024

06 पर्यावरण को लेकर गंभीर सरकारः मुख्यमंत्री...



07 नगर में अवैध कॉलोनियों का मकड़ जाल, खेती की...





## खबर संक्षेप

### एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन 14 जून से प्रारंभ

**सीहोर।** कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा वर्ष 2023 के परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थिय नियोजन प्रक्रिया अंतर्गत एमपी ऑनलाइन पोर्टल trc.mponline.gov. पर प्रोफाइल पंजीयन एवं दस्तावेज अपलोड संबंधी कार्यवाही 14 जून 2024 से प्रारंभ की जा रही है। संचालक लोक शिक्षण ने बताया कि काउंसलिंग की निर्धारित समयानुसार प्रोफाइल पंजीयन, दस्तावेज अपलोड एवं शाला विकल्प चयन 14 जून से 18 जून 2024 तक किया जाना है। दस्तावेज सत्यापन (जिला स्तर पर)- 21 जून से 23 जून 2024 तक दस्तावेज अपलोड के साथ ही शाला विकल्प चयन भी किया जाना है।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

**पंचायत और ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री बोले:** वृक्ष है तो जल है, जल है तो जीवन है

# नदियों और जल स्रोतों के पुनर्जीवन के लिए पौधरोपण सभी की जिम्मेदारीः मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मानव ने अपने स्वार्थ के लिए जल, जंगल सहित अनेक प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन किया है, जिसके दुष्परिणाम देखने मिल रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर






वृक्ष है तो जल है और जल है तो जीवन है। आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ्य और सुरक्षित जीवन के लिए जल और पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सीहोर जनपद पंचायत के ग्राम बमूलिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। मंत्री श्री पटेल ने इस असवर कोलांस नदी के उदगम स्थल पर पौधारोपण भी किया।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मानव ने अपने स्वार्थ के लिए जल, जंगल सहित अनेक प्राकृतिक संपदा का अंधाधुंध दोहन किया है, जिसके दुष्परिणाम देखने मिल रहे हैं। आज नदिया सूखी हैं, तालाबों में पानी नहीं है, पर्यावरण दूषित हो रहा है। इन सब के मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। अगर यही स्थिति रही तो आने वाली पीढ़ी हमे इसके लिए दोषी ठहराएगी। उन्होंने कहा आज हमें अपने सभी जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन करने के साथ ही पेड़ लगाने और उसे जीवित रखने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज बहुत दूरदर्शी और बुद्धिमान थे। उन्होंने नदियों के उद्गम और जल स्रोतों के समीप जल और पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल प्रजातियों के पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोंतो के पास अधिक जल अवशोषित करने वाले पौधे नहीं लगाना चाहिए बल्कि जल उत्सर्जित करने वाले पौधों का रोपण करना चाहिए। इससे हमारे जल स्रोत जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने आने वाली पीढ़ी के लिए पहले से ही कुएं, बावड़यि, कुंडों, तालाब, झीलों एवं घाटों को निर्माण करवाया और हमें सौगात के रूप में देकर गए।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल प्रदेश सरकार का नहीं है, यह प्रत्येक नागरिक का अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जब अभियान प्रारंभ किया था तब मैंने भी तय किया कि मैं नदियों के उद्गम स्थल तक जाउंगा। मैं लगातार उद्गम स्थल पर जा रहा हूं और आज कोलांस नदी के उदगम स्थल पर आया हूं। कोलांस नदी का पानी भोपाल के बड़े तालाब में जाता और बड़ा तालाब भोपाल की प्यास बुझाता है। इस दृष्टि से भी कोलांस नदी के पुर्नजीवन के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण कर उन्हें जीवित रखने का संकल्प लेना होगा।

### जल और पर्यावरण संरक्षण पूरे समाज की जिम्मेदारी हैः राजस्व मंत्री वर्मा

ग्राम बमूलिया में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि जल है तो कल है। हम सभी को जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा। वर्षा के जल को जितना अधिक रोक सकें रोकना होगा। नदी, तालाबो, कुओं, बावड़यिों, पोखर के साथ ही सभी जल स्त्रोंतों की सफाई, गहारीकरण एवं जीर्णोद्धार करना होगा ताकि ज्यादा से ज्यादा पानी जमा किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को राजस्व संबंधी कामों के लिए परेशान न होना पड़े इसके लिए दो माह तक राजस्व अभियान चलाया गया, जिसमें 30 राजस्व प्रकरणों निराकरण किया गया है। उन्होंन कहा कि यह नियम बना दिया गया है कि सम्पत्ति की खरीदी बिक्री के 20 दिन के अन्दर नामान्तरण हो जाएगा। इसी प्रकार सीमांकन की भी 30 दिन सीमा तय कर दी गई है। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि उज्जवला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी, निशुल्क राशन वितरण जैसी अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। कार्यक्रम के आरंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय ने भी संबोधित किया।

**कार्यक्रम में यह थे उपस्थितः** सीहोर विधायक सुदेश राय, जनपद अध्यक्ष नावड़ी बाई, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा, पंकज गुप्ता, शंकर पटेल, सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा, जिला पंचायत सीईओ अशीष तिवारी, एसडीएम तन्मय वर्मा, जनपद सीईओ नमिता बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नदी के उदगम स्थल तक ट्रैक्टर से पहुंचे मंत्री




कोलांस नदी के उदगम स्थल तक कार से जाना संभव नहीं था। उदगम स्थल तक पहुंचने के लिए ट्रैक्टर की व्यवस्था की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल लगभग डेढ़ किलो मीटर तक स्वयं ट्रैक्टर चला कर पहुंचे और उदगम स्थल पर पूजा कर पौधरोपण किया। श्री पटेल ने उद्गम स्थल का निरीक्षण किया और दोनों किनारों पर किसानों की सहमति से पौधरोपण कराने के लिए कहा। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर मंत्री श्री पटेल ने नागरिकों को कोलांस नदी के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई।

## तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर बाइक सवार ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर के मंडी रोड पर बुधवार की देर रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। भैरूंदा के मंडी रोड स्थित रिछड़िया जोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मारी। जिसमें बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। करीब एक घंटे ट्रैक में बाइक सहित फसा रहा युवक के दोनों पैरो में आई गम्भीर चोट आई थी युवक को स्थानीय लोगों की मदद उसे बाहर निकल कर 100 डायल से घायल अवस्था में सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। लेकिन सिविल अस्पताल में घायल युवक को भोपाल की जगह सीहोर रेफर कर दिया गया और युवक की सीहोर जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार मनोहर केवट निवासी निलकंठ भैरूंदा से अपने गांव नीलकंठ की तरफ जा रहा था। इस दौरान मण्डी रोड स्थित रिछड़िया जोड़ के पास मण्डी से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। और मौके से ट्रक चालक फरार हो गया इस हादसे में उसके दोनों गम्भीर चोटे आई है और युवक बुरी तरह से घायल हो गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को ट्रैक के नीचे से बाहर निकल कर 100 डायल की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार कर से उसे एंबुलेंस द्वारा सीहोर रेफर कर दिया गया। अस्पताल तक पहुंचाने के लिए घायल हुए युवक के नही मिली 108 इमरजेंसी सेवा अस्पताल तक पहुंचाने के लिए 100डायल से पहुंचाया गया। देर रात घायल युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया है। इस घटना को लेकर मौके पर पहुंची भी पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और उसे थाना भैरूंदा में खड़ा कर उस पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## खजूरिया कासम गांव के सूने घर में लाखों की चोरीः बिजली गुल होने का फायदा उठाकर गहने-नकदी लेकर फरार हो गए बदमाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

आष्टा ब्लॉक के सिद्दीकगंज थाना क्षेत्र के खजूरिया कासम गांव में बुधवार रात चोरों ने एक घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिद्दीकगंज पुलिस ने बताया कि बुधवार रात ग्राम खजुरिया कासम गांव में बिजली गुल होने का फासदा उठाकर चोरों ने मांगीलाल ठाकुर के घर से लाखों रूपए के जेवर सहित 4 लाख नकदी चुरा ली।मांगीलाल ठाकुर ने बताया कि बदमाश करीब 10 लाख रुपए के जेवर सहित 4 लाख की नकदी लेकर फरार हो गए। बिजली गुल होने से परिजन घर के बाहर सो रहे थे। इस दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर के पीछे घुसकर वारदात को दिया। सिद्धि गंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य :** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

## बारिश के कारण गर्मी से राहतःअगले तीन दिनों तक रुक-रुककर बरसात की संभावना, 19-20 जून को चक्रवाती तूफान का रहेगा असर

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी के साथ बीते 12 घंटे में जिले में अनेक स्थान पर कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश दर्ज हुई। जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली हुई है। आज सुबह से भी आसमान पर काले घने बादल छाए हुए हैं।

शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि अभी तीन दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सिस्टम के कारण जिले में अनेक स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। उन्होंने बताया कि 19 और 20 जून को चक्रवर्ती तूफान का असर देखने को मिल सकता है।



बताया गया है कि अभी दक्षिण से हवाएं चल रही है, जो आने वाले दिनों में पश्चिम से हो जाएगी। जिसके कारण मौसम में और भी परिवर्तन देखने को मिल सकता है, लेकिन जिले में अभी तीन दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होने का दौर जारी रहेगा। 19 और 20 जून को तेज हवाओं के साथ बारिश के अलावा ओले गिरे की भी संभावना है।

**8 एकड़ भूमि पर 34 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाना है आदिवासी छात्रावास**

# झाली में अतिक्रमण हटाने पहुंचा राजस्व अमला, जेसीबी के पंजे के आगे लेटकर महिलाएं और बच्चों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरुंदा तहसील की ग्राम पंचायत झाली में बुधवार शाम राजस्व अमला 8 एकड़ सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचा तो ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। हंगामे को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान गांव की महिलाएं और बच्चे जेसीबी के पंजे के आगे लेटने लगे। पुलिस बल ने उन्हें हटाया और शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटवाया।

बता दें कि ग्राम झाली में शासकीय जमीन पर करीब 3 परिवार कई सालों से कब्जा जमाए हुए थे, इस जमीन पर राज्य सरकार द्वारा 490 छात्राओं की पढ़ाई व रहने के लिए 34 करोड़ रुपए की लागत से आदिवासी छात्रावास बनाया जाना है। छात्रावास के लिए कुल 15 एकड़ भूमि की आवश्यकता थी, जिस पर ग्रामीण का कब्जा था, वे जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। ठेकेदार की शिकायत पर कलेक्टर सीहोर के निर्देश पर भैरूंदा तहसीलदार पटवारी आरआई, राजस्व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई की। वहीं, जानकारी देते हुए तहसीलदार संदीप गौर ने बताया कि छात्रावास निर्माण का कार्य चल रहा है, ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण के कारण काम प्रभावित हो रहा था। ठेकेदार की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटाया गया।





## आधी रात को चोर गिरोह सक्रियः एक दर्जन किसानों के नलकूप की केबल व स्टार्टर चोरी

**किसानों के खेतों से लगातार चोरी कर रहे केबल वायर, चोरों का चौरी करने का नया जुगाड़**

**भैरूंदा।** नगर में लगातार चोर गिरोह सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों में रात के अधेरे में किसानों के खेतो मे लगातार चोरी कर चोर गिरोह अंजाम दे रहे हैं।

चोरों ने अब एक अलग जुगाड कर किसानी के उपयोग में आने वाली किसानों के खेतो से सामाग्री चोरी कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों पहले भी ऐसा मामला सामने आया था। सात किसानों के खेतों से अज्ञात चोरों ने विद्युत मोटर के केबल वायर पर किया हाथ साफ किए थे। क्षेत्र के सर्वागंज व तिलाडिया के लगभग 7 किसानों के खेतों से विद्युत ट्यूबवेल व कुआं मोटर की केवल वायर पर पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया था जिसको लेकर समस्त किसानों ने भेरूंदा थाना में एकत्रित होकर ज्ञापन दिया जिसमें मांग की गई जो किसानों के उपकरण चोरी हुए हैं जिसकी जांच करा कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



**क्षेत्र के किसानों ने ग्रीष्मकालीन लगा रखी थी मुंग :** भेरूंदा क्षेत्र में लगभग सभी किसानों ने ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल लगाई थी जिसमें पानी चल रहा है अब क्षेत्र के किसानों को चिंता सताने लगी है उनके खेतों से मोटर के विद्युत केबल वायर चोरी होने लगे हैं सात किसानों की अलग-अलग 120 फीट लगभग सभी किसानों के 840 फिट केवल वायर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की गई है केवल राम मालवीय, जगदीश मालवीय, कमोद मालवीय, तुलसीराम राजपूत, वचन राजपूत, माखन सिंह धावरे ,बलराम मालवीय के खेतों से हुई थी।

**खबर संक्षेप**

### बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**सीहोर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 12 जून को जिले में गठित टास्क फोर्स एवं जिला सतर्कता समिति तथा एनजीओं/सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता में जिले के श्रम पदाधिकारी द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित टास्कफोर्स एवं जिला सतर्कता समिति एवं जिले के सभी पुलिस थानों में नियुक्त विशेष किशोर पुलिस ईकाई के सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गये। कार्यशाला में आरंभ एनजीओं अर्चना सहाय एवं मीत संगठन रेखा श्रीधर भोपाल के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित बाल एवं बंधक श्रम उन्मूलन के लिए जिले में कार्यरत शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों को विस्तृत रूप से अधिनियमों के प्रावधान एवं विमुक्ति के समय क्या प्रक्रिया एवं कार्यवाही की जाती है, इसके संबंध में अवगत कराया गया। जिला श्रम पदाधिकारी एवं महिला अपराध उप पुलिस अधीक्षक के द्वारा बाल श्रम एवं बंधक श्रम प्रथा पर अपने-अपने विचार रखते हुये उपस्थित सभी से अपेक्षा की गई कि जिले में यदि बाल/बंधक श्रमिकों के नियोजन की जानकारी किसी भी स्तर पर प्राप्त होती है, तो तत्काल उसकी सूचना टास्कफोर्स एवं जिला सतर्कता समिति को दी जायेगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से सी.डब्ल्यू.सी.के सदस्य, सहायक संचालक, स्कूल शिक्षा, बाल संरक्षण अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला विधिक सहायता अधिकारी, महाप्रबंधक, सहकारी बैंक, जिला पंचायत के अधिकारी प्रतिनिधि एवं सभी पुलिस थानों के विशेष किशोर पुलिस ईकाई के सदस्य उपस्थित रहें।

### निजी विवि में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया 31 तक पूर्ण करने के निर्देश

**सीहोर।** उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और पारदर्शिता के लिए निजी विश्वविद्यालयों में अकादमिक कैलेंडर का दृढ़ता से अनुपालन किया जाए। उच्च शिक्षा, मंत्री इन्दर सिंह परमार ने अपने प्रतिकक्ष में मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की बैठक के अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निजी विश्वविद्यालयों में सत्र में प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित करने को भी कहा। विद्यार्थियों की नियत समयावधि में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किए जाने, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति एवं निजी विवि में विद्यार्थियों के प्रवेश निर्धारित समयावधि में हों, सत्र समय से प्रारंभ हों एवं परीक्षा समय से होकर परिणाम निर्धारित समय पर जारी किए जाएं। निजी विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया 31 जुलाई तक पूर्ण करने को कहा। विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्णरूपेण पारदर्शी हो, किसी भी तरह की अनियमितता न हो। निजी विश्वविद्यालयों द्वारा समस्त विद्यार्थियों की अंकसूची एवं डिग्री की डिजिलॉकर में उपलब्धता सुनिश्चित हो। निजी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन ग्रेडिंग में उत्कृष्टता स्थापित करने के दिशा निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दिए निर्देश, अब नहीं काटे जाएंगे हरे-भरे पेड़

# पर्यावरण को लेकर गंभीर सरकारः मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, अब नहीं काटे जाएंगे हरे-भरे पेड़

बीते 18 वर्षों के दौरान वनों का संरक्षण तो नहीं हो सका लेकिन भारी मात्रा में वन भूमि को खेतों में तब्दील कर पट्टे बांटने का काम किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का एक बयान सामने आया है जिसमें उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार पर्यावरण को लेकर गंभीर है। ऐसे में अब निर्माण कार्यों के लिए हरे-भरे पेड़ों को नहीं काटा जाएगा। बल्कि ऐसे पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया जाएगा जिससे कि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके। पर्यावरण संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री के द्वारा दिए गए बयान के बाद क्या मुख्यमंत्री मोहन यादव शिवराज सिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र में वनों की कटाई पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाएंगे? वर्तमान में बुधनी, रेहटी एवं लाड़कुई के वन परिक्षेत्र में बेदर्दी के साथ वनों का दोहन बन माफियाओं के द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्र में वन विभाग एवं वन विकास निगम के कंधों पर पर्यावरण को संरक्षित करने, घने वनों को बढ़ाने, आम लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और वनों का विनाश करने वाले माफियाओं को दंड देने की जिम्मेदारी है। लेकिन दोनों ही विभाग पर्यावरण संरक्षण को लेकर कड़े कदम उठाते हुए दिखाई नहीं दिए हैं।

इसी का कारण है कि विभागीय अधिकारियों पर ही अब सवाल खड़े होने लगे हैं। बरसों से अकूत वन संपदा को समेटे बुधनी वन परिक्षेत्र में जिस बेदर्दी के साथ वनों का विनाश किया गया है उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। बीते 18 वर्षों के दौरान वनों का संरक्षण तो नहीं हो सका लेकिन भारी मात्रा में वन भूमि को खेतों में तब्दील कर पट्टे बांटने का काम किया गया। जिसका नतीजा यह है कि क्षेत्र में वनों का रकवा तेजी के साथ घटा और इसके दुष्परिणाम उभर कर सामने आने लगे।

**पर्यावरण संरक्षण में अधिकारी गंभीर क्यों नहीं**

प्रत्येक वर्ष पर्यावरण जागरूकता को लेकर कई कार्यशालाएं आयोजित होती है। सरकार के द्वारा आम लोगों को जोड़ने के लिए प्रयास किए जाते हैं। जिससे कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम होता है। वर्तमान में हरियाली अमावस्या से लेकर गंगा दशहरा तक पर्यावरण संरक्षण का विशेष अभियान सरकार के निर्देशन में चलाया जा रहा है। जब सरकार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीरता के साथ काम कर रही है तो फिर वन विभाग या वन विकास निगम के अधिकारी पर्यावरण को बचाने के प्रति गंभीर क्यों नहीं है। अधिकारियों के प्रयास नहीं करने का नतीजा यह है कि जितना पौधारोपण वनों में नहीं हो पता उससे अधिक बन कटकर खेती में तब्दील हो जाते हैं।

**कांग्रेस नेता का तंज**

क्षेत्र में वनों की अवैध कटाई को लेकर कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तंज कसा है। शर्मा ने सोशल मीडिया के एक्स पर अपनी बात शेयर करते हुए लिखा कि बुधनी विधानसभा क्षेत्र के रेहटी, चकल्दी, लाड़कुई, गोपालपुर ब्लॉक के जंगलों में अवैध रूप से निरंतर कटाई की जा रही है। वह दिन दूर नहीं जब हमारे क्षेत्र में खाली और वीरान पहाड़िया ही रह जाएगी। अगर उसकी जगह हमारे प्राचीन जंगलों को बचा लिया जाए तो वही काफी है। वनो के रेंजर जो की जनता की खून पसीने की कमाई से मोटा वेतन लेकर, मजे से जंगल कटवा रहे है।उन्हे पद मुक्त किया जाए। जिससे कि हम वनों का विनाश रोक सके। उन्होंने कहा कि वन विकास निगम तो बन विनाश निगम बन चुका है इसलिए इसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। यदि जंगलों की कटाई ऐसे ही चलती रही तो हम बच्चों को जंगल की बातें कहानी किस्सों में ही बता पाएंगे।

**मनमर्जी से होता आरा मशीनों का संचालन**

यदि रेहटी वन परिक्षेत्र की बात की जाए तो यहां पर आरा मशीनों का संचालन मनमर्जी के साथ किया जाता है। रेहटी नगर में वर्तमान में तीन आरा मशीन संचालित है। मशीनों का संचालन विभाग के नियम विरुद्ध होता हुआ आसानी के साथ देखा जा सकता है।

रेहटी वन परिक्षेत्र अधिकारी रितु तिवारी के मुताबिक मशीनों के संचालन का समय सूर्य उदय से सूर्य अस्त तक का होता है। लेकिन देखने में यह आया है कि यह मशीने दिन में कम और रात के अंधेरे में अधिक चलती हैं। लेकिन अधिकारियों के द्वारा नियम विरुद्ध हो रहे कार्यों की ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

## बमुलिया ग्राम पंचायत में हुआ बावड़ी सर्वे, नमामि गंगे योजना के तहत होगा मरम्मत का कार्य

**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत बमुलिया में बुधवार को सरपंच रामस्वरूप विश्वकर्मा व सचिव महेश परमार व अन्य कर्मचारियों द्वारा ग्राम की सालों पुरानी बावड़ी का सर्वे किया गया।

यहां बावड़ी गांव के बीचो-बीच है वह जल के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था है, इसका मरम्मत कार्य किया जाएगा, जिसमें इसकी साफ सफाई की जाएगी साथ ही चारों ओर बाउंड्री का निर्माण होगा।



ग्रामीण दीपक नंदलाल, राधेश्याम, सोनू ने बताया यहां लगभग 100 साल पुरानी बावड़ी है बड़े-बड़े पत्थरों से इसका निर्माण हुआ साथ ही नीचे तक इसमें सीढ़ियां है, पानी के लिए उत्तम व्यवस्था है अब साफ सफाई होगी तो ग्रामीणों को पानी की समस्या नहीं होगी।

### कैलीग्रॉफी एंड ग्रॉफिक डिजाईन सेंटर में प्रवेश की अंतिम तिथि 21 जून

**सीहोर।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग की निगरानी में स्थापित "कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाईन सेंटर'' में वर्ष 2024-26 सत्र के लिये प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह कोर्स दो वर्ष का है। पहले वर्ष कैलीग्रॉफी की ट्रेनिंग दी जायेगी तथा दूसरे वर्ष में ग्रॉफिक डिजाईन की ट्रेनिंग दी जायेगी। सेंटर में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार अकादमी से प्राप्त निर्धारित फार्म 21 जून, 2024 तक कार्यालय में समय से जमा कर सकते हैं। फार्म सीमित हैं, जो अंतिम तिथि से पूर्व समाप्त हो सकते हैं।

## स्वस्थ कदम, स्वस्थ जीवन के तहत मनाया जा रहा क्लबफुट जागरूकता माह

**सीहोर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संपूर्ण जिले में स्वस्थ कदम, स्वस्थ जीवन के अंतर्गत जून माह को क्लबफुट जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस माह के दौरान जिला चिकित्सालय स्थित शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में क्लबफुट के लगभग 40 बच्चों का सफल उपचार किया गया है।




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हाकिंत 32 बीमारियों में से क्लबफुट एक महत्वपूर्ण जन्म दोष है। वहीं अब तक तकरीबन 500 से अधिक क्लब फुट बीमारी वाले बच्चों का उपचार शासकीय खर्च पर किया जा चुका है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शून्य से 18 वर्ष की आयु तक के बच्चों की विभिन्न चिन्हित बीमारियों का उपचार शासकीय खर्च पर किया जाता है। क्लब फुट क्लीनिक के नोडल अधिकारी एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिओम गुप्ता ने बताया कि क्लबफुट एक जन्मदोष है, जिसका उपचार संभव है। यह जन्म के समय मौजूद एक संचारात्मक परिवर्तन है जो हृदय, मस्तिष्क तथा पैर तथा शरीर के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता हैं। जिला चिकित्सालय स्थित शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में डॉ. हरिओम गुप्ता द्वारा इसका उपचार किया जाता है।

विकासखंड में पदस्थ आरबीएसके दलों द्वारा चिन्हित बच्चों को उपचार के लिए डीईआईसी में रेफर किया जाता है, जहां संपूर्ण जांच के उपरांत इन बच्चों का निशुल्क उपचार किया जाता है। क्लबफुट जागरूकता माह की शत प्रतिशत सफलता के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया एवं सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता द्वारा मेडिकल ऑफिसर, प्रबंधक जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र, आर.बी.एस.के.आयुष चिकित्सक तथा मोबाइल हेल्थ टीम के अन्य सदस्यों को शामिल कर दल का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर क्लबफुट कैम्प आयोजित कर स्क्रीनिंग की जा रही है। कैंप में ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता, ए.एन.एम. व सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा बच्चों का चिन्हांकन कर उपचार के लिए डीईआईसी में रेफर किया जा रहा है।

### नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

16 वर्षीय नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि बीते 21 फरवरी को आंबा कदीम निवासी फरियादी लाड़कुई चौकी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी, कि उसकी नाबालिग बालिका 20 फरवरी को सुबह साढ़े 9 बजे स्कूल के लिए निकली थी जो घर नहीं पहुंची। आसपास पड़ोस में तलाश करने के बावजूद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चला।

आरोपी को पकड़ने एक टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। इसी बीच 11 जून को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि नाबालिग व आरोपी रेहटी में है। मुखबिर की सूचना पर भैरूंदा पुलिस ने रेहटी बस स्टैंड से आरोपी सांवल पिता सुमेर सिंह यदुवंशी (25) निवासी ग्राम बोरी डोंगरी थाना रेहटी के कब्जे से नाबालिग को छुड़ाकर उसके कथन लेने एवं मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। नाबालिग के बयान के आधार पर आरोपी सांवल सिंह यदुवंशी को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## सहायक जेल अधीक्षक और जेल प्रहरी के लिए शारीरिक नापजोख प्रवीणता टेस्ट दो से सात जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी की भर्ती के लिए 25 मई से 20 जून 2023 तक लिखित परीक्षा परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परीक्षा परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किया गया है।

सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों के लिए जेल विभाग द्वारा सफल अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

जिसमें शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट होगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में 02 जुलाई 2024 से 07 जुलाई 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है। सफल 'अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

सहायक जेल अधीक्षक के 33 पद एवं जेल प्रहरी के 200 पदों के लिए कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा क्रमशः 414 एवं 2264 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण के लिए पात्र पाया गया है, जिनका द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट लिया जाना है। शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों में से मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल अंतिम चयन सूची जारी करेगा, जिन्हें जेल विभाग द्वारा प्रहरी के पद पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हो रहा अनेक जल स्रोतों का संरक्षण



**सीहोर।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अनेक जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का कार्य लगातार किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देशानुसार अनेक जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रेहटी नगर परिषद द्वारा आमजन के सहयोग से नदी की साफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार भैरूंदा के ग्राम चतरकोटा में रिचार्ज सोकपिट निर्माण एवं ग्राम सिराली, गोपालपुर में कुए की सफाई का कार्य किया जा रहा है। बुदनी के ग्रामों में हैंडपंप के आसपास सफाई एवं तालाब गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार जिले में अनेक स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## जिले के विकासखंडों से 30 कृषकों ने भाग लिया

# कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया में सोयाबीन और मक्का की उन्नत तकनीक पर कृषक प्रशिक्षण अयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीआरडीई कृषि विज्ञान केन्द्र सेवनियां में जिले के विकासखण्डों के लिए सोयाबीन एवं मक्का फसल की उन्नत शस्य तकनीक विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के प्रमुख (प्रभारी) धर्मेन्द्र पटेल, वैज्ञानिक दीपक कुशवाह एवं देवेन्द्र पाटिल, ने जिले के विकासखण्डों से 30 कृषको ने भाग लिया। केंद्र प्रमुख द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वर्तमान समय में जिले के कृषकों द्वारा खरीफ मौसम में बुवाई की जाने की तैयारी का कार्य चल रहा है। (प्रभारी) ने कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीकों जैसे- बुवाई पूर्व खेतो की तैयारी, खाद उर्वरक प्रबंधन, बीजों का चयन, किस्मों का चयन, बीजोपचार अपनाने की अपील की। वैज्ञानिक (पौध संरक्षण) दीपक कुशवाह



ने कृषकों को बुवाई के पूर्व बीज उपचार के लिए जैविक खेती के लिए ट्राइकोडर्मा विरीडी, बवेरिया बेसियाना व एनपी के कन्सोटिया से उपचार की सलाह दी एवं अन्य कृषकों को पूर्व से मिश्रित फफूदनाशक, पेनफ्लूफेन, टायफ्लोक्सिट्रोबीन 1 मिली/ किग्रा बीज या एजोक्सीस्ट्रोबीन, थायोफिनेट मिथाईल, थायोमिथाक्साम 02 मिली/किग्रा बीज से बीज उपचार करने की सलाह दी, साथ ही फसलों में समन्वित कीट - व्याधि प्रबंधन तकनीक को अपनाने की सलाह दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम विषेषज्ञ डा. देवेन्द्र पाटिल द्वारा सोयाबीन व मक्का फसल की उन्नत प्रौद्योगिकी पर प्रस्तुतीकरण किया गया उन्होने सोयाबीन एवं मक्का की उन्नत शस्य तकनीकियां खेतो की तैयारी, उन्नत किस्मों का चयन, बीजोपचार, कीट- व्याधि प्रबन्धन के साथ सिंचाई जल प्रबन्धन पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होने सोयाबीन की उन्नत किस्में जेएस-22-12, जेएस- 22-16, एन आरसी-150, आरवीएसएम- 2011-35, जेएस.-2172, जेएस.-2309, जेएस.-20-116 के अतिरिक्त विभिन्न किस्मों के बारे में बताया, साथ ही उन्होने सोयाबीन की बुवाई के लिए मेढ़ नाली पद्धति के साथ ब्राड बेड फरो विधि से बुवाई की बात कही एवं फसलों में प्रारम्भिक दौर में खरपतवार के नियन्त्रण के लिए अनुशंसित खरपतवारनासशयों के उपयोग एवं जल प्रबन्धन की भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही सोयाबीन फसल में पोषक तत्व प्रबंधन के लिए मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर अनुप्रयोग की सलाह दी।

## सीहोर गर्ल्स ने सीहोर बाइज को एक तरफा मुकाबले में 3-0 से हराया



**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर आगामी 19 तारीख से बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर जूनियर खिलाडियों में जबरदस्त उत्साह है। बुधवार को दो मैचों का आयोजन किया गया था। इसमें पहला मैच सीहोर गर्ल्स और सीहोर बाइस के मध्य खेला गया था। पहले कुछ मिनिट तक सीहोर बाइज ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया और अनेक गोल करने के प्रयास किए, लेकिन अंतिम समय में शहर की प्रतिभाशाली आशिका ने लगातार तीन गोल किए और अपनी टीम को विजय दिलाई, इससे पहले भी आशिका ने भी दो हैट्रिक की है। अंडर-10 से अंडर-16 तक के खेले गए मैचों में सबसे अधिक आशिका के गोल है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने बताया कि बेबी लीग फुटबाल प्रतियोगिता अखिल भारतीय फुटबाल संघ के निर्देश अनुसार 19 तारीख को आयोजित की जा रही है। इसके अलावा मैदान पर एसोसिएशन की ओर से 45 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें करीब 150 से अधिक बच्चे नियमित रूप से कोच विपिन पवार सहित यहां पर मौजूद सीनियर खिलाड़ियों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। इसके अलावा यहां पर अंडर-10 से लेकर अंडर-16 के मैच भी खेले जा रहे है। बुधवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें दूसरे मैच सीहोर रेड ने सीहोर चिल्ड्रन को 2-0 से हराया। इसमें सीहोर रेड की ओरसे अर्थात ने दो गोल किए थे। इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, मनोज दीक्षित मामा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे अवैध कॉलोनीवासी, लाखों की राजस्व की हो रही हानि

# नगर में अवैध कॉलोनियों का मकड़ जाल, खेती की जमीन प्लाट में तब्दील कर बेची जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में कानून पास किया और कानून के पालन करने वालों को निर्देश जारी किए की अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत किसी भी हालत में अवैध कॉलोनी का निर्माण नही होने दें, न ही कृषि भूमि को छोटे छोटे प्लाट के रूप में विक्रय भी नहीं होने दें। लेकिन सारंगपुर तहसील के ग्रामीण इलाकों सहित नगर में खुलेआम मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में बिना डायवर्सन, एनओसी, टीएनसी किए बिना ही जमकर प्लाट की खरीदी बिक्री जारी है। सूत्रों की माने तो नगर के आसपास कई कृषि भूमि में अवैध मनमाने तरीके से प्लाट की खरीदी बिक्री हो चुकी है। इतना ही नहीं उनमें कुछ प्रधानमंत्री आवास के मकान तक बन गए हैं । जहां मकान बने हैं वह मूलभूत सुविधा का नामो निशान तक नही है और भविष्य में मूलभूत सुविधा के लिए किसी भी प्राकर की संभावना भी नही है।

हद तो तब हो गई की नगर की एक अवैध कॉलोनी पर स्थानीय प्रशासन द्वारा सूचना पटल लगाकर खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी गई थी लेकिन आज उसी कॉलोनी में इक्का दुक्का प्लाट ही बचे होंगे। अधिकांश प्लाटो की खरीदी बिक्री हो चुकी हैं ऐसे में मनमाने प्लाटों की खरीदी बिक्री पर बन रहे आवासों में रहने वाले व्यक्तियों को मूलभूत सुविधा कैसे मिलेगी। इतना ही नही इन प्लाटो की खरीदी बिक्री में सिर्फ पंजीयन शुल्क ही लगा बाकी डायवर्सन एनओसी में लगाने वाला राजस्व गायब हो गया। बिना डायवर्सन के नगर के आसपास प्रतिदिन प्लाट की खरीदी बिक्री जारी है।

**स्थल निरीक्षण करे बिना ही हो रही रजिस्ट्री**



मध्य प्रदेश शासन द्वारा जमीन मकान खरीदी बिक्री के पंजीयन कराने के लिए ऑनलाइन सिस्टम जारी किया है, ताकि किसी भी प्राकर की गड़बड़ी या राजस्व की हानी न हो ऐसे में उक्त दस्तावेज के पंजीयन कराने के लिए बनाए गए नियमो की नगर में खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं।

**मिली भगत से चल रहा खेल**

नगर में मनमाने तरीके से मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में जमीन मालिक एवं उसके साथी जो अपने आपको कालोनाइजर घोषित कर चुके हैं, उनके द्वारा संबंधित क्षेत्र के स्थानीय अधिकारी से मिलकर खुलेआम प्लाटो की खरीदी बिक्री कर रहे हैं। अगर ऐसा नहीं तो फिर किसके इशारे पर अवैध रूप से काटी गई कालोनियों का मकड़ जाल कैसे पनप रहा है।

**आसान किस्तों में बिक रहे प्लाट**

नगर में कई जगह आसान किश्तो पर प्लाट उपलब्ध हैं लेकिन जहा प्लाट उपलब्ध हैं वह मूलभूत सुविधा की कोई ग्रारंटी नही है फिर भी भोले भाले लोगों को मूलभूत सुविधा दिलवाने की मौखिक शर्त पर किस्तों में प्लाट थमा रहे हैं।

**कार्रवाई की जाएगी...**

जानकारी मिली है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
मनोज शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर।

---

### सरपंचों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रकरण किया गया दर्ज

## समय पर फाइल नहीं खोलने के विरोध में जनपद में सरपंचों ने की तालाबंदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सरपंच संघ अध्यक्ष ने तालाबंदी के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहा की पिछले दो वर्षो से पंचायत में विकास कार्य के लिए जनपद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। किसी भी विकास निर्माण कार्य की फाइल समय पर नहीं खुलती है। इस कारण हम किसी भी प्रकार का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। जब तक जनपद के इंजीनियरों का स्थानांतरण नही होता तब तक हम आंदोलन करते रहेंगे। आंदोलन के बाद भी हमारी नहीं सुनी गई तो जिला एवं प्रदेश स्तर पर भी जरूरत पड़ी तो आंदोलन करेंगे। इधर जनपद में की गई तालाबंदी के विरोध में जनपद पंचायत की और से थाना सारंगपुर में आवेदन देकर सरपंचों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया गया।

जनपद के आवेदन पर थाना सारंगपुर में शासकीय कार्य में बाधा के तहत ग्राम पंचायत सुल्तानिया के सरपंच जितेंद्र हथिया सहित तीन अन्य सरपंच जिसमें जय सिंह राजपूत गायन, सतीष शर्मा दराना, भंवरलाल सेन पाडली के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर मामला जांच में लिया है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी सरपंच को हिरासत में नहीं लिया गया।

**इनका कहना है...**

जनपद के आवेदन पर चार ग्राम पंचायत के सरपंच के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।
संतोष सिंह बाघेला, थाना प्रभारी सारंगपुर

---

### विहिप, बजरंगदल ने किया प्रदर्शन

## आतंकवाद का पुतला फूंक कठोरतम कानून बनाने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विगत दिवस वैष्णोदेवी जा रही श्रृद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला हुआ था। आतंकवादी बस पर तब तक गोलियां बरसाते रहे जब तक उन्हें तसल्ली नहीं हो गई कि इसमें कोई जिंदा बचा होगा। इस्लामी जिहादी आंतकवादियों द्वारा किए गए इस कायराना हमले के विरोध में बुधवार को विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल द्वारा आतंकवाद का पुतला फूंका गया। खिलचीपुर नाके पर हुए इस प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इसके उपरांत विहिप, बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्टेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में इस तरह की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए कठोरतम कानून की मांग की।

---

## उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित

**इकलेरा।** जन शिक्षा केंद्र इकलेरा के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों की उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ब्लॉक समन्वयक राहुल पराशर के निर्देशन में संकुल सह समन्वयक लोकेंद्र सिंह राजपूत द्वारा बैठक रखी गई। बैठक में निम्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई जिसमें साक्षरता परीक्षा की अंक सूची वितरण, आसाक्षर सर्वे को ऑनलाइन इंट्री करना, आगामी परीक्षा के संबध में चर्चा की गई। बैठक में संकुल के सभी संस्था प्रभारी उपस्थित हुए जिसमें पर्वत सिंह अहिरवार, अर्जुन सिंह मंडल, कृष्ण कुमार चिरोडिया, रूपेश कुमार, पुरषोत्तम विश्वकर्मा, राधे श्याम भिलाला, भगवान सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण महोबे, भेरू सिंह मीना, जेपी वर्मा, विनोद पाटीदार, रोड़ी लाल सूर्यवंशी आदि संस्था प्रभारी उपस्थित थे।

---

## अनदेखी से हरे-भरे पेड़ चढ़ रहे आरा मशीन की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

अक्सर देखने में आता है कि बारहमास पौधरोपण का कार्यक्रम निर्बाध गति से जारी रहता है और फोटो सेशन भी जोर-शोर से होता है। लेकिन सवाल यह उठता है कि यह पेड़ पौधे जाते कहां हैं जो पड़ताल का कारण बना हुआ है। नगर सहित आसपास ग्राम पचायतों में हरे-भरे पेड़ चढ़ रहे हैं आरा मशीन की भेंट। प्रशासन के अधिकारियों कि अनदेखी से हरे भरे पेड़ कटते रहते हैं एवं ट्रैक्टरों से भरकर आरा मशीन तक पहुंचकर जलाऊं लकड़ी के रूप में बनी जाते हैं। देखा जाता कि जनप्रतिनिधि से लेकर कर्मचारी वर्ग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग सभी को देख लो सभी प्रकार के विभागों द्वारा पौधरोपण किया जाता है यही नहीं एक निश्चित टारगेट के अनुसार पौधे लगाए जाते हैं जो संख्या बल में 20 हजार पौधे लगा दिए 25 हजार लगा। जिस भी संस्था द्वारा पौधे लगाए जाते हैं। पौधे लगाने के बाद कौन उनकी देखरेख करता है यह केवल औपचारिकता बतौर दिखावा किया जाता है।

---

### बाइक सवारों के साथ अक्सर हो रहे हादसे

# बीच में से धंस रही हाईवे के बाइपास की डामरीकृत सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शहर से होकर निकले हाईवे के बाइपास की डामरीकृत सड़क इन दिनों बाइक चालकों की परेशानियों एवं हादसों का कारण बनी हुई है। सड़क का एक ही तरफ का डामरीकृत हिस्सा ऐसा धंसने लगा है जैसे सड़क दो टुकड़ों में बंट रही हो। सड़क के धंसने से बाइकें असंतुलित हो रही हैं और चालक परेशानियां उठा रहे हैं।

हाईवे की सड़क धंसने का यह नजारा स्थानीय बिरसा मुंडा चौराहे पर कांग्रेस कार्यालय के ठीक सामने से शुरू होता है। यहां से करीब डेढ़ सौ मीटर की सड़क का



एक तरफ के हिस्से का डामर बहुत ज्यादा धंस चुका है। दूसरे शब्दों में कहें तो डामर के नीचे की जमीन ने बैठक ले ली है। ऐसे में डामर स्वतः ही नीचे जा चुका है। चूंकि, सड़क के एक ही तरफ के हिस्से में धंसने के कारण बाइक चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

**एमपीआरडीसी के अधीन आता है यह हाईवे**

शहर के बीच से होकर गुजरा हाईवे का बाइपास एमपीआरडीसी (मप्र सड़क विकास निगम) के अधीन आता है। चूंकि, एमपीआरडीसी का जिले में कोई दफ्तर या अधिकारी पोस्टेड नहीं है। ऐसे में इस बड़ी कमी पर किसी अधिकारी ने अब तक ध्यान नहीं दिया है। इसे रिपेयर करवाने का जिम्मा टोल वसूल रही कंपनी का है लेकिन टोल कंपनी के जिम्मेदार लोग भी इस ओर से आंखे मूंदे बैठे हुए हैं।

**इनका कहना है...**

मैं इसे चेक करवाकर रिपेयर करवाने के लिए बोलती हूं।
- सोनल सिन्हा, संभागीय अधिकारी, एमपीआरडीसी, भोपाल

---

## नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई के बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर को किया चेक

**सारंगपुर।** नारकोटिक्स विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर ने सारंगपुर के मेडिकल का निरीक्षण किया तथा कुछ मेडिकल स्टोर पर जांच भी की सारंगपुर नगर में करीब 5 दर्जन मेडिकल स्टोर संचालित है इन मेडिकलों की जांच करने के लिए जिला स्तर पर ड्रग इंस्पेक्टर तैनात है। लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर सारंगपुर कब आते हैं कब जाते हैं क्या कार्य करते हैं। इस बात की खबर ड्रग इंस्पेक्टर और मेडिकल संचालक को ही रहती है। इसके अलावा किसी को कोई खबर नहीं होती है। यही कारण है कि हाल ही में एक मेडिकल एजेंसी संचालक के खिलाफ नारकोटिक्स विभाग ने बड़ी कार्रवाई की उसके बाद बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर सारंगपुर आए और कुछ मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। क्या कार्यवाही की इसकी कोई जानकारी मीडिया को नही दी। इस संबंध में जब जिला स्वास्थ्य अधिकारी से बात करना चाही तो उन्होंने कहा मैं अभी मीटिंग में हूं।

---

## ओल्ड एबी रोड के चौड़ीकारण के लिए राज्यमंत्री टेटवाल ने की लोक निर्माण मंत्री से मुलाकात



**सारंगपुर।** नगर के बीचों बीच से निकले ओल्ड एबी रोड के सौंदर्यकरण एवं चौड़ीकारण के लिए मंगलवार को राज्यमंत्री गोतम टेटवाल ने प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से मुलाकात कर नगर सारंगपुर के मध्य से निकले पुराने नेशनल के चौड़ीकारण और मजबूतीकरण करने, रेस्ट हॉउस निर्माण, विभिन्न ग्रामीण सड़को के निर्माण एवं क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों के संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पचोर नपा अध्यक्ष विकास करोडिया सहित भाजपा नेता उपस्थित थे।

---

## 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दो बदमाशों ने की ठगी, 5 ग्राम के कान के टॉप्स लेकर हुए फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर

नगर के भोजपुर नाका के पास स्थित लाल दास मंदिर पर सुबह 9 बजे एक वृद्ध महिला उम्र 70 साल निवासी खिलचीपुर वार्ड क्रमांक-5 के साथ दो बदमाशों ने ठगी कर कान से महिला के एक जोड़ टॉप्स सोने के लगभग 5 ग्राम कीमत 35 से 40 हजार के लगभग की रकम लेकर फरार हो गए। बुजुर्ग महिला अपने परिजनों के साथ हुई घटना की रिपोर्ट करने थाने पहुंची। महिला संपतबाई पति रोडमल मालवीय निवासी वार्ड नं 5 मालवीय मोहल्ला ने बताया कि में रोज सुबह भगवान लाल दास जी के मंदिर पर पूजा अर्चना करने जाती हूं , बुधवार सुबह 9 बजे के लगभग दो लोग लाल दास जी के मंदिर पर दर्शन करने आए और मुझ से बोला कि प्रमाण माता जी और तीन बार मेरे पैर छुये उन लोगों ने मुझसे से बोला की माता जी आप 1000 रुपए ले लो और सोने के टॉप्स निकाल कर भगवान की मूर्ति को टच करना है तभी लाल कपड़े में बांध कर भगवान की मूर्ति के पास रख दिये और उसके बाद कैसे गायब हो गए कुछ पता नहीं चला। जिसकी सूचना हमने पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची और जगह-जगह सीसीटीवी फुटेज चेक करवाए गए। हाल फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे जांच कर रही है। बुजुर्ग महिला के साथ बदमाशों ने चाल खेल कर इस घटना को अंजाम दिया है। भोली-भाली महिला उन बदमाशों की बातों में आ गई ओर यह घटना घटी।

**जांच करवा रहे**

उक्त महिला के साथ ठगी हुई है जिसकी हम जांच करवा रहे हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी चेक करवा रहे हैं जिन लोगों ने ठगी की है उन्हें पड़कर कार्रवाई की जाएगी।
आरएस धाकड़, टीआई थाना खिलचीपुर

---

### आरसेटी के माध्यम से लिया है 30 दिवसीय प्रशिक्षण

## वस्त्र सिलाई प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को दिए प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

आरसेटी राजगढ़ द्वारा विभिन्न रोजगारों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करवाया जाता है। इसी कड़ी में यहां 30 दिवसीय महिला वस्त्र सिलाई प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 25 युवतियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण समापन होने पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर प्रमाण-पत्रों का वितरण किया।

कलेक्टर ने महिलाओं द्वारा सिले गए वस्त्रों की गुणवत्ता की सराहना की एवं काम को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। बैंक ऑफ इंडिया के जिला प्रबंधक नंदकिशोर पाटीदार ने प्रशिक्षणार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने के प्रति आष्वस्त किया। संस्थान निदेश राहुल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण अतिथि शिक्षिका पूनम मेवाड़े, देवराज सिंह, देवराज दांगी सहित आरसेटी का स्टाफ उपस्थित रहा।

---

### नमामि गंगे परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित

## नमामि गंगे जल संवर्धन के तहत पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लें: राज्यमंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



जनपद पंचायत सारंगपुर के तत्वावधान में नमामि गंगे परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर जनपद पंचायत के मीटिंग हॉल में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सभी सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि जल के संरक्षण के लिए सरकार ने इस नमामि गंगे जल संवर्धन अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत शासकीय कार्यालय स्कूल-कॉलेज में विद्यार्थियों से पौधे लगवाएं जायें एवं विद्यार्थी उनके बड़ा होने तक उनके संरक्षण का संकल्प लें। वहीं ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के समस्त तालाब, कुएं, बावड़ी व अन्य सभी जल स्त्रोतों में बृहद स्तर पर सफाई व गहरीकरण का कार्यक्रम प्रारम्भ किया जावे जिसमें क्षेत्र के सभी वयस्क, वृद्ध, महिलाएं एवं बच्चों में जल ही जीवन है के प्रति जन जागरण अभियान प्रारंभ किया जाए। जल प्रदूषण से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाई जाए। जल है तो कल है इस मूल मंत्र के साथ जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने को लेकर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर के प्रत्येक वार्ड में जागरूकता अभियान चलाया जाए।

---

# मोती तालाब का भूमिपूजन कर तालाब गहरीकरण का कार्य शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा जल एवं जल स्त्रोतों की साफ सफाई, संरक्षण के लिए प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है। जिसमें अभियान का उद्देश्य प्रदेश में नदी तालाब कुआ, बावड़ी आदि जल स्त्रोतों को साफ स्वच्छ व गहरीकरण एवं संरक्षण करना है। आम नागरिकों को भी जल संरक्षण व पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है।

इस अभियान अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर के डग रोड बालाजी मंदिर के समीप प्राचीन मोती तालाब के गहरीकरण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पार्षद बंकट माहेश्वरी, शिव मंडलोई संजय भावसार, कुशल कुशवाह कमल झावा,



दीपक मंडलोई आदि जनप्रतिनिधि और तहसीलदार आरपी सिंह सीएमओ मेहमूद अली खान और कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। विधायक ने उपस्थित अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों से क्षेत्र के समस्त जल स्त्रोत एवं जल संरक्षण की अपील की और उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाने हेतु प्रेरित।

इस अवसर पर नगर परिषद देवनारायण दांगी, ब्रजेश उपाध्याय, रमेश मालवीय ओंकार मंडलोई, कमल भावसार, आजाद झावा, भगवान सिंह परिहार, राकेश मंडलोई, जितेंद्र तिवारी, राजेंद्र सिंह भाटी, मनीष कौशिक, कृष्णकांत मुंदड़ा, जसवंत सिंह, विजय गुप्ता, हेमराज दांगीआदि कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे। जिस तालाब का गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन हुआ उस काम को लेकर सोशल मीडिया पर भी चर्चा चली कि मोती तालाब में गहरीकरण कि आवश्यकता नहीं है वहां पुर्व से किसानों द्वारा मिट्टी निकाली गई है तथा सुसनेर जीरापुर सड़क निर्माण के समय भी इस तालाब का गहरीकरण कार्य हुआ है।

**खबर संक्षेप**

## व्यापारी एसोसिएशन के तीसरी बार अध्यक्ष बने रूपेश राठौर



**आष्टा।** कृषि उपज मंडी में व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रूपेश राठौर का लगातार 2 वर्ष का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। इस कार्य से सभी व्यापारी संतुष्ट रहे। यही कारण रहा कि सर्वसम्मति से रूपेश राठौर को तीसरी बार व्यापारी एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राठौर की नियुक्ति पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने साफा बांधकर स्वागत किया। इंजीनियर ने कहा कि रूपेश राठौर हमेशा हर समाज वर्ग को लेकर चलते हैं। कृषि उपज मंडी में उनका दूसरा कार्यकाल में सभी व्यापारी किसान संतुष्ट रहे। इसी के चलते उन्हें दोबारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया है। बधाई देने वालों में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, महेंद्र गउखेडी, योगेंद ठाकुर, सुनील परमार सहित कई लोगों ने बधाई दी।

## इंदौर से आए डॉक्टर ने मरीजों की जांचीं आंखें



**आष्टा।** नगर के आनंदम नेत्रालय में नामदेव छीपा युवा परिषद ने निशुल्क नेत्र जांच का परीक्षण शिविर का आयोजन किया। एक दिवसीय इस आयोजन में नगर के लगभग 50 से 60 लोगों की निशुल्क जांच इंदौर से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर प्रणय सिंह ने की व मरीजों की जांच कर उन्हें सलाह दी। डॉक्टर प्रणय सिंह व उनकी टीम, डाक्टर हीरा दलोद्रिया, सुभाष नामदेव, मनीष डोंगरे, बीएस वर्मा, नरेंद्र कुशवाह, राजेंद्र नामदेव, लक्ष्मी नारायण बांदीवला, मुकेश नामदेव, अशोक डोंगरे, भविष्य नामदेव, प्रकाश नामदेव, ओम नामदेव, हिमांशु नामदेव, निखिल नामदेव, राहत अली, बनवारी प्रसाद वर्मा के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल में तीन विशेषज्ञ डॉक्टर अवकाश पर

# उपचार के लिए आने वाले मरीज हो रहे परेशान, निजी अस्पताल में जाना मजबूरी

दो महिला डॉक्टर सहित 15 डॉक्टर सिविल अस्पताल में है पदस्थ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शासन ने हाल ही में नए विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए इमरजेंसी में डयूटी करने के आदेश जारी किए हैं। उक्त आदेश में एक तरफ जहां डयूटी लगाने का उल्लेख है, वहीं यह भी उल्लेखनीय किया गया है कि अगर एम ओ अर्थात डॉक्टरों की कमी है तो आस-पास की डिस्पेंसरी व उप स्वास्थ्य केन्द्र पर पदस्थ डॉक्टर की डयूटी लगाई जाए। डिस्पेंसरी व उप स्वास्थ्य केन्द्र पर डॉक्टर नहीं हो तो विशेषज्ञ चिकित्सकों की डयूटी लगाई जाए। 3 साल तक ड्यूटी करने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों के संबंध में यह आदेश सिविल अस्पताल में मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन गया है।

हाई कोर्ट न्यायाधीश विनय सराफ ने भी जबलपुर में इस संबंध में दायर याचिका पर आदेश जारी किए हैं।दो महिला डॉक्टर सहित 15 डॉक्टर सिविल अस्पताल में पदस्थ हैं। तीन विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बीएमओ द्वारा इमरजेंसी डयूटी लगाने पर अवकाश लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को स्थिति से लिखित में अवगत कराया। बुधवार को काफी संख्या में मरीज उपचार कराने के लिए सिविल अस्पताल में परेशान होते रहे। अधिकांश डॉक्टर अपने कक्ष में नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज देखकर ऐसे चिकित्सकों पर कार्रवाई करना चाहिए। शासन द्वारा जारी किए गए आदेश में उल्लेखित किया गया है कि नए विशेषज्ञ चिकित्सक 3 साल तक इमरजेंसी में भी ड्यूटी करेंगे,ताकि वह स्थानीय व्यवस्थाओं से परिचित हो सके ।लेकिन उक्त आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि विशेषज्ञ चिकित्सक ओपीडी कक्ष में सेवाएं के साथ-साथ ऑन कॉल आपातकालीन ड्यूटी करेंगे। आपातकालीन ड्यूटी सर्वप्रथम चिकित्सालयों के चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाए, यदि चिकित्सा अधिकारी की कमी पड़े तो मुख्यालय पर स्थित डिस्पेंसरियों से चिकित्सा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा सकती है।

डिस्पेंसरियों में कार्यरत चिकित्सकों की आपातकालीन ड्यूटी रात्रि 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक की पाली में ही लगाई जाए। ड्यूटी लगाते समय ध्यान रखा जाए कि डिस्पेंसरी का काम कम-से-कम प्रभावित हो। यथा संभव माह में चार से अधिक ड्यूटी नहीं लगाई जाए। अति आवश्यक होने पर ही सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक द्वारा विशेषज्ञों की आपातकालीन ड्यूटी लगाई जाए। अवकाश पर गए विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉक्टर भूपेंद्र परमार, डॉक्टर चित्रा सोनी एवं डॉक्टर गंभीर पटेल का कहना है कि शासन के आदेश का पूरी तरह से पालन नहीं करते हुए हमारी आपातकालीन ड्यूटी लगाई गई है। जिसका संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को अवगत कराया हैं।

**शासन के नए आदेश है**

शासन के नए आदेश हैं और उक्त आदेश के तहत नए विशेषज्ञ चिकित्सकों को 3 साल तक आपातकालीन ड्यूटी करना है। ताकि लोकल परिस्थिति से अवगत हो सके।

**डॉक्टर जीडी सोनी,** बीएमओ

## तेज बारिश ने भीषण गर्मी व उमस से दी राहत

**हवा आंधी के साथ हुई बारिश**



**आष्टा।** सुबह से छाए घने बादल, शाम को हुई तेज बारिश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बुधवार को सुबह से ही पूरे क्षेत्र में चिलचिलाती तेज गर्मी की उमस से लोग परेशान थे। शाम 4 बजे मौसम में बदलाव के साथ ही आसमान पर काले बादल छा गए व इसकी शुरुआत तेज आंधी के साथ हुई। इसके बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई यह सिलसिला करीब आधे घंटे तक चलता रहा।

तेज बारिश होने की वजह से नगर के मुख्य मार्ग पर पानी भर गया। वहीं नगर के साप्ताहिक हाट को भी तहस-नहस कर दिया। बुधवार को शाम करीब 4 बजे एकाएक मौसम में बदलाव हुआ तथा तेज आंधी का सिलसिला शुरू हो गया। उसके 15 मिनट बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इससे नगर की सड़कें बुधवारा, पुराना बस स्टैंड, भोपाल नाका तथा अस्पताल चौराहे पर पानी भर गया। हालांकि नगर पालिका के सफाई अभियान के चलते जल्दी ही सड़कों से पानी निकाल दिया गया। जावर में जमकर बरसे बादल शाम होते होते मौसम बदला और शाम को 6 बजे के करीब आंधी के साथ तेज बारिश हुई। मुरावर गांव के इंदर सिंह राठौड़ ने बताया कि बुधवार को सुबह से ही सूर्य की तेज किरन लोगों को चुभने लगी थीं। इस कारण लोग परेशान थे, लेकिन दोपहर बाद मौसम बदला और आंधी गरज चमक के साथ कुरावर, मुंडला, कर्मनखेड़ी, हरनावदा सहित अनेक गांवों में गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई। अच्छी बारिश के चलते तेज गर्मी से लोगों को थोडी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार जल्द ही मानसून प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा। बारिश के बाद अब किसान खरीफ की बोवनी की तैयारी में लग जाएंगे।

## पुण्यतिथि पर मैदान में पौधरोपण कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह द्वारा परिवार सहित शुरू किये गये पौधरोपण अभियान के मौके पर गतदिवस आव्हान किया था कि जिले का प्रत्येक नागरिक,परिवार एक एक पौधा जरूर लगाये। कलेक्टर श्री प्रवीणसिंह जी के आव्हान पर आज आष्टा नगर के अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार सुशील संचेती ने अपनी पत्नि स्वर्गीय श्रीमति ज्योति संचेती की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में परिवार के सदस्यो,नगर के स्वच्छ सकारात्मक ग्रुप,जादूगर ग्रुप, खिलाडियों के साथ डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर एक नीम, पीपल व जामुन के बड़े पौधे का रोपण कर स्वर्गीय ज्योति संचेती को पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी एवं गरीबो को भोजन कराया गया। इस अवसर पर पत्रकार सुशील संचेती, जादूगर ग्रुप के पंकज नाकोडा, स्वच्छ सकारात्मक ग्रुप के कुशलपाल लाला व संचेती परिवार के सदस्य सुशील संचेती,सुनील कुमार,मुकेश कुमार, सुबाहू संचेती, मोनिका, संगीता, अनु, अस्मिता, जिनिशा, रक्षिता संचेती एवं नन्ने खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे। इस अवसर पर पत्रकार सुशील संचेती ने आव्हान किया है की जिस परिवार में भी जन्मदिन, पुण्यतिथि, विवाह, विवाह की वर्षगांठ या अन्य कोई ऐसे अवसर आये तब परिवार अपनी सुविधा अनुसार कही भी कम से कम एक पौधा जरूर लगाये।

## धोखाधड़ी: कालोनाइजर ने बेच दिए प्लाट, अब मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोग हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



नगर के वार्ड क्रमांक11में निजी कालोनी में प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है जिसमें कालोनाइजर ने लोगों को सस्ते दामों का लालच देकर प्लाट बेच दिए प्लॉट खरीदने वाले अधिकतर लोगों को रजिस्ट्री भी की गई जिसमें कालोनाईजर ने लोगों को लुभावने वादे कर प्लॉट बेच दिए किंतु कालोनी में मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति न होने पर लोग परेशान हैं और अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं वहीं लोगों का कहना है कि कालोनाइजर मीना ने कालोनी में सड़क, नाली, बिजली और पानी की सुविधाओं का वादा तो किया लेकिन आज दिनांक तक लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इस कालोनी को लेकर न तो कोई अनुमति ली गई है और न ही यहां कोई विकास कार्य करवाए गए हैं।

इसके बावजूद कई प्लाट बेच दिए गए हैं।आपको बता दें नगर के वार्ड क्रमांक 11ओर वार्ड क्रमांक 4 में उक्त भूमि पर नर्मदा विहार कालोनी फेस1 और2 के नाम से प्लाट काटे गए थे जिसमें आधे से अधिक प्लाट बेच दिए गए और कई प्लाटों के अनुबंध किए गए थे जिसमें अब तक किसी तरह के विकास कार्यों की शुरुआत नहीं हुई है और न ही कालोनी के निर्माण के लिए पूरी अनुमति ली गई है।कालोनाइजर ने न तो यहां सड़क बनाई है न ड्रेनेज लाइन बिछाई और न ही बिजली के खंभे लगवाए हैं।वहीं ऐसे में लकड़ियों के सहारे बिजली के तार घरों तक ले जाए गए हैं पीड़ित लोगों ने कॉलोनाइजर का नाम महेश मीणा बताया हैकालोनाइजर ने लोगों को प्लाट बेचते हुए जल्द ही सभी विकास कार्य करने का वादा किया था हालांकि राजस्व के नियमों के अनुसार केवल वादों पर कालोनियों में लोगों को प्लाट नहीं बेचे जा सकते हैं। कालोनाइजर की राजस्व विभाग के सामने अनुमति लंबित है।इसके अलावा नगर परिषद में भी विकास शुल्क जमा नहीं करवाया गया है।

### एफआईआर की मांग

शिकायतकर्ताओं के अनुसार कालोनाईजर द्वारा लगातार प्लाट धारकों को आश्वासन देकर तथा भ्रमित करके रखा गया है जिससे वे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ।प्लाट धारकों ने कहा है कि उनके साथ सीधे सीधे धोखाधड़ी हुई है जिससे कालोनाईजर के खिलाफ एफआईआर की जाना चाहिए। सिंटू सिंग, नीलेश, ओमप्रकाश, आशीष चौरे सहित यहां कई लोगों ने प्लाट खरीदकर उनकी महीनों पहले रजिस्ट्री भी करवा ली है।ऐसे में ये लोग भी अब सुविधाएं न मिलने के कारण परेशान हो रहे हैं और उन्होंने पूर्व में भी इसकी शिकायत एसडीएम आफिस में की की थी किन्तु कालोनाइजर पर अभी तक कोई कारवाई नहीं हो सकी वहीं कालोनाइजर अब लोगों को धमका रहा है और न तो पैसे वापस कर रहा है और न ही जमींन पर कब्जा दिला रहा है।वहीं आज फिर मूलभूत सुविधाओं की समस्याओं को लेकर कई लोगों ने तहसील कार्यालय में जाकर एसडीएम राधेश्याम बघेल को ज्ञापन सौंपा है और न्याय दिलाने की मांग की है ज्ञापन देने वालों में राजेश कुमार,ओमप्रकाश, नीलेश, आशीष चौरे, सिंटू सिंग, सुरेंद्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं इस मामले में एसडीएम राधेश्याम बघेल का कहना है कि कुछ लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधाओं की कमियों को लेकर ज्ञापन सौंपा है इस मामले की जॉच कराई जाएगी और अवैध कालोनी के रुप में पाई जाती है तो अवैध कालोनाइजर एक्ट के तहत मामला दर्ज करवाया जाएगा और एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।

## पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शैलेश वैध बोले, विकास के नाम पर भ्रष्टाचार से नेवज नदी के अस्तित्व को किया जा रहा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



विकास के नाम पर भ्रष्टाचार से नेवज नदी के अस्तित्व को समाप्त करने पर तुली है। नगर परिषद जावर संपूर्ण नगर में उक्त कार्य को लेकर के आम जनसाधारण में रोस व्याप्त है। पत्रकारों को प्रेस नोट जारी कर गंभीर आरोप लगाते हुए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य द्वारा ने कहा है कि उनके द्वारा पूर्व में भी एक वीडियो जनसाधारण एवं समस्त जिम्मेदार अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों को अवगत कराने के उद्देश्य से पिछले कुछ मह पर्व सोशल मीडिया पर डाला गया था। उसमें उन्होंने कहा कि नगर में जो नेवज नदी के दोनों किनारो पर पाल के ऊपर जो पत्थर लगाकर पिचिंग का कार्य चल रहा है। उसमें भारी भ्रष्टाचार और अनियमिताएं की जा रही हैं। उसे भारी बरसात के पहले वक्त रहते ध्यान नहीं दिया गया तो भारी नुकसान होगा कुछ दिन पूर्व बरसात आई थी। उसमें ही जावर नगर परिषद द्वारा किए जा रहे सुनियोजित भ्रष्टाचार की पोल खुल गई। कई जगह से पत्थर खिसककर के नदी के तले पर आ गए। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने बताया कि अभी तो पूरी तरह से बरसात प्रारंभ भी नहीं हुई है और अभी से यह स्थिति है तो जावर नगरवासी नेवज नदी के वेग को अच्छी तरह से जानते हैं जब नदी में पानी का वेग होता है। तब क्या स्थिति निर्मित होगी यह अभी से सभी को ज्ञात है इसी वजह से पूरे नगर में इस विकास कार्य को लेकर के रोश व्याप्त है। नागरिकों को यह पिचिंग विकास कार्य कम और विनाश कार्य ज्यादा लग रहा है पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने कहा की सरकार नदी गहरीकरण के लिए कार्य करती हैं। परंतु नगर परिषद जावर में खुलेआम नदी विकास के नाम पर किया जा रहा भ्रष्टाचार नदी को उथला बना रहा है यदि ऐसे ही रहा तो जावर नगर की पहचान एवं आस्था की प्रतीक नेवज नदी का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। जिसमें कोई कोर कसर नगर परिषद जावर नहीं छोड़ रही है पूर्व अध्यक्ष वैद्य ने कहा कि ऐसा कैसा एस्टीमेट



बन सकता है जिसमें बगैर लोहे की जाली एवं पत्थरों के बीच में बगैर कंक्रीट माल की फीलिंग हो और फीलिंग और पिचिंग का कार्य मिट्टी द्वारा किया जा रहा है और यदि एस्टीमेट में यह है तो यह सुनियोजित भ्रष्टाचार है। लगभग दो करोड़ के लागत से हो रहे इस पिचिंग निर्माण कार्य में भारी अनियमित बढ़ती जा रही है। जिसकी शिकायत हमारे द्वारा लोकायुक्त कार्यालय भोपाल, मुख्यमंत्री आवास भोपाल, प्रमुख सचिव नगरी प्रशासन मध्य प्रदेश, आयुक्त नगरी प्रशासन संयुक्त संचालक एवं कलेक्टर सीहोर को लिखित शिकायत की गई है। यदि जल्द ही अनियमितता बरतने वाले वाले जिम्मेदार पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों पर कार्यवाही नहीं की गई तो हमारे द्वारा जल्दी ही मुख्य बाजार गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा।

### शोभायात्रा के साथ होगा शुभारंभ, बाल ब्रह्मचारी छहढाला विषय का ज्ञान कराएंगे

# दस दिवसीय शिक्षण और संस्कार शिविर आज से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर शुक्रवार 14 जून से 23 जून तक दस दिवसीय श्री भूतबलि सागर शिक्षण एवं संस्कार शिविर का बृहद आयोजन बाल ब्रह्मचारी श्री संजय भैय्या पठारी वालो के निर्देशन एवं पावन सानिध्य में किया जा रहा है। शिविर प्रारंभ होने के पूर्व श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज एवं अलीपुर में संजय भैय्या ने शिविर पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि यह मनुष्य पर्याय हमें बहुत ही महान पुण्य से मिली है ।हम इसको सांसारिक भोगों में लगाकर व्यर्थ ही न निकाले ,मनुष्य पर्याय को सार्थक करने के लिए जिन शासन में स्वाध्याय ही परम तप बताया गया हैं ।

शिविर के माध्यम से हम अपने छुपे हुए ज्ञान को जागृत करें। सभी लोगो में स्वाध्याय के प्रति रूचि बनी रहे ,धर्म के प्रति संस्कार बने रहे ,इसी लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा हैं ।क्योकि हम देख रहे है वर्तमान में नव पीढ़ी में धर्म के प्रति लगाव कम होता जा रहा है ओर मोबाइल की ओर ज्यादा जा रहा है ।जिसके दुष्परिणाम भी हमे देखने को मिल रहे है। हममें परमात्मा एवं पंच परमेष्ठी बनने की ताकत है, आवश्यकता है हम उस मार्ग पर चलें। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के श्री शरद जैन ने बताया की दस दिवसीय शिक्षण शिविर शुभारम्भ के मंगलाचरण के रूप में 14 जून शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे किला मंदिर से जिनवाणी प्रभावना शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि किला मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, प्रगति गली ,बुधवारा ,ओम शांति मार्ग से बड़ा बाजार होते हुए पुनः किला मंदिर पहुँचेगी ।तत्पश्चात शिविर का विधिवत शुभारम्भ किया जाएगा। शिविरार्थियों के लिए प्रवेश फार्म भरना आवश्यक होगा।सभी शिविरार्थियों को आकर्षक बेग ,कॉपी, पेन एवं पुस्तक निःशुल्क प्रदान की जाएगी एवं प्रतिदिन स्वल्पाहार भी करवाया जाएगा।शिक्षण शिविर में 500 श्रावक -श्राविकाओं के बैठने की व्यवस्था की गई है।सभी को शिविर में भाग लेने के लिए प्रवेश फार्म भरना आवश्यक होगा। 13 वर्ष से ऊपर के सभी शिविरार्थियों के लिए प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक आचार्य पूज्यपाद स्वामी द्वारा रचयित इष्टोपदेश ग्रन्थ की कक्षा लगाई जाएगी।वही प्रतिदिन रात्रि को 8 बजे से 9 बजे तक प.दौलतराम जी द्वारा रचयित छहढाला ग्रंथ का स्वाध्याय करवाया जाएगा ।वही छोटे बच्चो के लिए पाठशाला की शिक्षिका बहनों द्वारा भाग 1 एवं भाग 2 की कक्षा लगाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष आनंद पोरवाल जैन, महामंत्री कैलाशचंद जैन चित्रलोक,संतोष जैन जादूगर, निर्मल कुमार जैन,मनोज जैन ,अरिहंत जैन, विकास जैन आदि ने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## मंत्री पहलाद सिंह पटेल ने तालाब गहरीकरण का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

बुधवार को पंचायत व ग्रामीण विकास एव श्रम मंत्री पहलाद सिंह पटेल सिद्धिगंज के गोविंदपुरा में जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में जाते समय खाचरोद रुके। उन्होंने ग्राम में स्थित तालाब पर जन सहयोग से चल रहे गहरीकरण अभियान का अवलोकन किया। उन्होंने तालाब पर स्थित हनुमान मंदिर पर पूजन पाठ कर मंदिर परिसर में पौधारोपण किया। ग्रामीणों की मांग पर तालाब का सीमांकन करने का निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व जनपद अध्यक्ष धारा सिंह पटेल, आष्टा नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, एसडीएम स्वाति उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, जनपद सीओ अमित व्यास, सरपंच शंकर पटेल जाट, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सुनील जाट, भूजराम जाट, छगन जाट, सोबाल सिंह पडियार, मांगीलाल पटेल, रतन सिंह मालवीय, फुल सिंह पेरवाल व ग्रामवासी उपस्थित थे।